संजय नगर तालाब का महापौर नीरज पाल ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

भिलाई नगर/ संजय नगर तलाब का निरीक्षण महापौर नीरज पाल ने किया , निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद रवि शंकर कुर्रे एवं महापौर के निज सचिव वसीम खान भी मौजूद थे। जोन क्रमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत वार्ड चार में आने वाले तथा शहर के हृदय स्थल कहे जाने वाले सुपेला के समीप संजय नगर तालाब के सौंदर्यीकरण करने के लिए गत वर्ष के जनवरी में प्रस्ताव तैयार किया गया था। जिसकी स्वीकृति लागत 46.42 लाख है। महापौर ने तालाब विकास के कार्य की प्रगति देखी। विभागीय अधिकारियों ने निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर संजय नगर सुपेला तालाब के सौंदर्यीकरण के कार्य के लिए जनवरी 2021 में कार्य आदेश जारी कर दिया था। संजय नगर तालाब को संवारने के काम में एजेंसी के द्वारा क्यों ढील ढाल किया जा रहा है , इसकी जानकारी महापौर ने अधिकारियों से ली। जबकि निगमायुक्त प्रकाश सर्वे ने गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर काम कराने के निर्देश अधिकारियों को दे चुके हैं। प्राक्कलन के आधार पर संजय नगर तालाब के आईलैंड में फव्वारा , घाट के किनारे पाथवे निर्माण, गार्डन सौंदर्यीकरण के कार्य, चारों ओर पेवर ब्लॉक और रैंप, सिंचाई के लिए बोर की व्यवस्था, पौधों को पानी देने के लिए पाइप लाइन , भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण , हाई मास्क लाइट, तालाब के चारों ओर एलईडी लाइट की रोशनी का कार्य तालाब के विकास के लिए शामिल किया गया था , परंतु काफी समय से काम में प्रगति नजर नहीं आ रही है। संजय नगर सुपेला तालाब शहर के प्रमुख तालाबों में से एक है। इसकी धीमी प्रगति को लेकर महापौर नाराजगी भी जाहिर कर चुके हैं, सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 6 माह की अवधि एजेंसी को दी गई थी और इसका काम आजाद मार्केट रिसाली के एजेंसी रविंद्र प्रसाद भगत को दिया गया है। महापौर ने तालाब विकास एवं इसके सौंदर्यीकरण की धीमी प्रगति को लेकर अधिकारियों को आवश्यक एवं महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं।